मेरा देश फूल सा मेहके। by Pankaj Sanwariya

फिर डाल डाल पर सोने की चिड़िया ओ बाबा चहके
मेरा देश फूल सा मेहके मेरा देश फूल सा मेहके

हे अजर अमर अविनाशी बाबा लीले चढ़कर आओ
जिस ज्ञान को हम सब भूल गए वो ज्ञान हमें सिखलाओ
फिर भारत बन कर जगतगुरु सारी दुनिया में चमके
मेरा देश फूल सा मेहके मेरा देश फूल सा मेहके

जो दानव बनकर घूम रहे उन सबको मार गिराओ
उठाओ धनुष खेंचो कमान अब अपना बाण चलाओ
कोई भी दानव तीर से तेरे जा ना पाए बचके
मेरा देश फूल सा मेहके मेरा देश फूल सा मेहके

इतनी शक्ति दो श्याम हमें की मान ले ये जग सारा
भारत वासी खुशहाल रहें लहराए तिरंगा प्यारा
करे दास अजय यह विनती तेरे चरणों में सर धरके
मेरा देश फूल सा मेहके मेरा देश फूल सा मेहके

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%a6%e0%a5%87%e0%a4%b6-%e0%a4%ab%e0%a5%82%e0%a4%b2-%e0%a4%b8%e0%a4%be-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b9%e0%a4%95%e0%a5%87-by-pankaj-sanwariya/